प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 अप्रैल से हिमाचल प्रदेश के आधिकारिक दौरे पर शिमला पहुंचेंगी। 6 दिवसीय दौरे के दौरान राष्ट्रपति शिमला के निकट छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में ठहरेंगी। राष्ट्रपति का 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा 30 अप्रैल को राष्ट्रपति चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसी दिन राष्ट्रपति आरट्रैक शिमला में भी एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति का 2 मई को शिमला से दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

सरकार–उर्वरक

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने कहा है कि सरकार की सक्रियता के कारण देश में सभी उर्वरकों की उपलब्धता स्थिर, सुव्यवस्थित और आवश्यकता से अधिक है। मंत्रालय के अनुसार, उर्वरकों की कमी के संबंध में हाल के दावे तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। अक्टूबर 2025 से इस वर्ष मार्च तक के रबी मौसम के आंकड़े के अनुसार, यूरिया की उपलब्धता 2 सौ 57 दशमलव 5–9 लाख मीट्रिक टन थी, जबकि आवश्यकता एक सौ 96 दशमलव 0–6 लाख मीट्रिक टन की थी। मौजूदा वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 23 अप्रैल तक की अवधि में भी यूरिया की उपलब्धता 18 दशमलव 1–7 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 69 दशमलव 3–3 लाख मीट्रिक टन है।

शहरी निकाय

प्रदेश में 51 शहरी निकायों के लिए 17 मई को मतदान होगा। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और मतदान को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नगर परिषद घुमारवीं में कुल 4 हजार 7 सौ 93 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 2 हजार 4 सौ 42 पुरुष और 2 हजार 3 सौ 51 महिला मतदाता शामिल हैं।

इस बीच शहरी निकायों व पंचायत चुनाव को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से चुनाव ड्युटी से संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में मंडी के जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में मंडी में आयोजित बैठक में निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों को शहरी निकायों व पंचायत चुनावों के सफल संचालन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

पशु चिकित्सा दिवस

आज विश्व पशु चिकित्सा दिवस है। इसका उद्देश्य पशु–पक्षी की देखभाल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का विषय है, पशु चिकित्सक – खाद्य और स्वास्थ्य के संरक्षक।

विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर सोलन में भी कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पशु चिकित्सा के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर विवेक लांबा ने लोगों को पशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम साफ बना हुआ है जिससे तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऊना में आज अधिकतम तापमान 41 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह कांगड़ा में 37 दशमलव 2, मण्डी में 36 दशमलव दो, सुंदरनगर में 36 दशमलव 3, नाहन में 35 दशमलव एक जबकि शिमला में 27 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान ऊना, कांगड़ा, कुल्लू और मण्डी ज़िलों में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना व्यक्त की है। हालांकि विभाग ने लाहौल–स्पीति और चम्बा ज़िले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्का हिमपात जबकि कुल्लू कांगड़ा और मण्डी ज़िले के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना भी जताई है।

जलशक्ति नाहन

इस बीच, राज्य के मैदानी इलाकों में गर्मियां बढ़ने के साथ ही जलशक्ति विभाग ने लोगों को निर्बाध पेयजल पहुंचाने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके अलावा पानी के टैंकों की सफाई के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। जलशक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार ने नाहन में बताया कि जन शिकायतों के तुरंत समाधान के लिए नोडल अधिकारी लगाए गए हैं।

....